**Terms of Reference**

**Junior Consultant - Quality & Patient Safety**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC) is a technical support institution under the National Health Mission (NHM), Ministry of Health & Family Welfare. NHSRC works closely with the MoHFW and the States for Health Systems strengthening and supporting implementation of other interventions under the NHM. Work at the NHSRC is organised around seven divisions, namely – Community Processes & Comprehensive Primary Care, Healthcare Financing, Healthcare Technology, Human Resources for Health, Knowledge Management Division, Public Health Administration and Quality & Patient Safety.

If you have a commitment to health equity and excellence, here is a unique chance to work with a team committed to shaping the public health landscape in India. The position offers you an opportunity to participate in the process of strengthening health systems, improving health service delivery and enabling positive health outcomes, through hands on implementation assistance at National, State and District levels. Working with a transdisciplinary team, you can discover, adapt, co-create and disseminate solutions to multiple challenges related to service delivery systems, universal primary health care, human resources for health, community processes, health financing, quality of care, public health planning and health promotion. This is an opportunity to support health systems strengthening at scale, learn from district and sub district implementation, undertake knowledge translation, and enable realization of the vision of universal health coverage.

For improving the Quality of care of services, delivered at the public health facilities, National Quality Assurance Standards have been under implementation under the National Health Mission. In the year 2013, QA Operational Guidelines and Quality Standards for District Hospitals were launched by the Ministry of Health & Family Welfare. This was followed by development and launch of Quality Standards for Community Health Centres (CHCs) Primary Health Centres (PHCs), Urban PHCs, followed by the standards for health & wellness centre in year 2020.

QPS Division at NHSRC support the implementation through two distinct roles, first being setting the standards for different level of health facilities as per need and supporting the states in its implementation through capacity building and handholding; and second function is of verification of attainment of standards at the health facilities through a robust system of quality certification.

For implementation of the NQAS, substantial efforts are undertaken for building capacity of the states to understand the nuances of each quality standards, followed by hand-holding support through state quality assurance committee and district quality assurance committees. The division also support the Ministry of Health & Family Welfare, GOI and the states in implementation of Kayakalp, MusQan and LaQshya. There are many other initiatives under development.

For supporting above mentioned tasks, NHSRC intends to induct a Junior Consultant in the QPS Division. The incumbent is expected to have good clinical background and excellent writing skills. Support to the States require extensive travel to the states, which may be about one third of the time. The Position reports to Advisor- Quality & Patient Safety and is on Contractual basis.

**Roles & Responsibilities:**

Expected roles of the incumbent are summarised below –

a) Review the contemporary literature and programme guidelines, and examine the existing measurement system (ME & checkpoints) under the NQAS, LaQshya, MusQan, Kayakalp and Patient Safety Tool
b) Support the division in drafting of other quality initiatives
c) Support the States with Implementation of NQAS, LaQshya, MusQan, Kayakalp and Patient Safety Tools.
d) Development of Resource Material
e) Conduct trainings in the States/UT
f) Any other task, as per need of the QPS Division

**Qualification & Experience:**

For achieving above-mentioned deliverables, the applicant is expected to possess following qualifications & experience –

**Essential Qualification –**

1. Possess at least two years' full-time Post graduate degree from a reputed institute:
   - Masters in Hospital Administration/
   - Master's in public health/
   - Post Graduate Diploma in Hospital and Health Management
2. 1 year' post-qualification experience.
3. At least one year experience of supporting implementation of National Quality Assurance Standards (NQAS)
4. Knowledge of MS Office (Excel, PowerPoint, Word, Outlook etc.)

**Note-**

- Only shortlisted candidates will be called for an interview.
- The candidates may be subjected to written test and presentation to judge their writing skills and language proficiency.

**Age Limit**: Up to 35 Years (as on the date of receiving the application)

**Work Location**: New Delhi; Opportunity to gain hands on experience of public health canvas of states and districts.

Travel to states and districts will be involved.

**Remuneration Range**: Between Rs. 40,000/- to Rs. 70,000/- (***Fee offered within the band will be commensurate with qualification and experience.)***

**Other Benefits**: In addition to the renumeration mentioned above, Consultants of NHSRC are entitled to Free Accidental insurance, Subsidized Medical insurance (Pending Approval from MoH&FW), Mobile bills reimbursement, Laptop reimbursement (As per NHSRC Policy), 30 days Consolidated leave, fully paid Maternity leave (For Female Consultants) as per Government of India policy, performance linked increments, TA/ DA and per diem for on-duty visits.

**Duration of Contract**: Contract till 31st March 2025 with further extensions of similar duration (subject to satisfactory performance)

Candidates selected in this interview could be considered for other vacant positions at NHSRC requiring similar skill sets and at appropriate level.

**How to apply**: Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. Last date for receiving applications is **20th June 2023.**

# संदर्भ शर्तें (टीओआर)
## जूनियर कनसल्टेंट– गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा प्रभाग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत तकनीकी समर्थन संस्था है। एनएचएसआरसी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और एनएचएम के तहत हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन में समर्थन के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और राज्यों के साथ मिलकर कार्य करता है। एनएचएसआरसी में कार्य लगभग सात प्रभागों के इर्द–गिर्द केंद्रित हैं। ये हैं – सामुदायिक प्रकियाएं एवं व्यापक प्राथमिक देखभाल, स्वास्थ्य देखभाल वित्तपोषण, स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, ज्ञान प्रबंधन प्रभाग, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रशासन और गुणवत्ता एवं रोगी सुरक्षा।

यदि आप स्वास्थ्य निष्पक्षता और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं तो यह भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य को दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का अनूठा अवसर है। यह पद आपको स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवा वितरण में सुधार और राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के बारे में अनुभव के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने की प्रक्रिया में भागीदारी का अवसर उपलब्ध कराता है। विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले दल के साथ कार्य करके आप सेवा वितरण प्रणाली, सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, सार्वजनिक स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य संवर्द्धन संबंधी अनेक चुनौतियों के समाधान खोजने, अपनाने, सह–सर्जन और प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीखने, ज्ञान के आदान–प्रदान और सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने में समर्थ होने के जरिए स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए समर्थन उपलब्ध कराने का अवसर है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक विकसित किए गए। वर्ष 2013 में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने जिला अस्पतालों के लिए क्यूए परिचालन दिशानिर्देश और गुणवत्ता मानक लॉन्च किए और तब से, 2021 में संशोधित संस्करण के लॉन्च के साथ इसे और मजबूत किया गया है। इसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचएस) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), शहरी पीएचसी के लिए गुणवत्ता मानकों का विकास और लॉन्च किया गया और फिर वर्ष 2020 में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए मानकों को जारी किया गया।

एनएचएसआरसी में क्यूपीएस डिवीजन दो अलग–अलग भूमिकाओं के माध्यम से कार्यान्वयन का समर्थन करता है, पहले आवश्यकता के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाओं के विभिन्न स्तरों के लिए मानक निर्धारित करना और क्षमता निर्माण और हैंडहोल्डिंग के माध्यम से इसके कार्यान्वयन में राज्यों का समर्थन करना; और दूसरा कार्य गुणवत्ता प्रमाणन की मजबूत प्रणाली के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं में मानकों की प्राप्ति का सत्यापन करना है।

एनक्यूएएस के कार्यान्वयन के लिए, प्रत्येक गुणवत्ता मानकों की बारीकियों को समझने के लिए राज्यों की क्षमता निर्माण के उद्देश्य से पर्याप्त प्रयास किए जाते हैं, इसके बाद राज्य गुणवत्ता आश्वासन समिति और जिला गुणवत्ता आश्वासन समितियों के माध्यम से सहायता प्रदान की जाती है। यह प्रभाग कायाकल्प पहल, लक्ष्य, मुस्कान और कौशल पहल के कार्यान्वयन में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और राज्यों का भी समर्थन करता है। कई अन्य पहलें विकास के अधीन हैं।

उपर्युक्त कार्यों में सहायता के लिए, एनएचएसआरसी क्यूपीएस प्रभाग में जूनियर कनसल्टेंट को नियुक्त करने का इरादा रखता है। इस पद पर नियुक्त व्यक्ति से अच्छी नैदानिक पृष्ठभूमि और उत्कृष्ट लेखन कौशल होने की उम्मीद है। राज्यों को समर्थन के लिए राज्यों की व्यापक यात्रा की आवश्यकता होती है, जो कुल समय का लगभग एक तिहाई हो सकता है। इस पद पर नियुक्त व्यक्ति सलाहकार– गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा को रिपोर्ट करता है और अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाता है।

**भूमिकायें और उत्तरदायित्वः**

इस पद पर नियुक्त व्यक्ति की अपेक्षित भूमिकाओं का सारांश नीचे दिया गया है –

a) समकालीन साहित्य और कार्यक्रम के दिशा–निर्देशों की समीक्षा करना और एनक्यूएएस, लक्ष्य, मुस्कान, कायाकल्प और रोगी सुरक्षा उपकरण के तहत मौजूदा माप प्रणाली (एमई और चेकपॉइंट्स) की जांच करना

b) अन्य गुणवत्ता पहलों के प्रारूपण में प्रभाग का सहयोग करना

c) एनक्यूएएस, लक्ष्य, मुस्कान, कायाकल्प और रोगी सुरक्षा उपकरणों के कार्यान्वयन के साथ राज्यों का समर्थन करना

d) संसाधन सामग्री का विकास

e) राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशिक्षण आयोजित करना

f) क्यूपीएस प्रभाग की आवश्यकता के अनुसार कोई अन्य कार्य

**शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव :**

उपर्युक्त डिलिवरेबल्स को प्राप्त करने के लिए, आवेदक के पास निम्नलिखित योग्यताएं और अनुभव होने की आशा है –

**आवश्यक शैक्षिक योग्यता –**

1. प्रतिष्ठित संस्थान से कम से कम दो वर्ष की पूर्णकालिक स्नातकोत्तर डिग्री :

- अस्पताल प्रशासन में मास्टर /
- सार्वजनिक स्वास्थ्य में मास्टर /
- अस्पताल और स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

2. शैक्षिक योग्यता के बाद 1 वर्ष का अनुभव
3. राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों (एनक्यूएएस) के कार्यान्वयन में सहायता करने का कम

से कम एक वर्ष का अनुभव
4. एमएस ऑफिस (एक्सेल, पॉवरपॉइंट, वर्ड, आउटलुक आदि) का ज्ञान

नोट–
• केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा
• उम्मीदवारों के लेखन कौशल और भाषा प्रवीणता का आकलन करने के लिए उन्हें लिखित परीक्षा और प्रस्तुति देनी पड़ सकती है।

**आयु सीमाः** 35 वर्ष तक (आवेदन प्राप्त होने की तिथि को)

**कार्य का स्थानः** नई दिल्ली, राज्यों और जिलों के सार्वजनिक स्वास्थ्य परिदृश्य में कार्य करने के अनुभव का अवसर।
आवश्यकतानुसार राज्यों और जिलों की यात्रा भी करनी होगी।

**परिलब्धि की सीमा** : रु. 40,000/– से रु. 70,000/– के बीच*

***इस बैंड में प्रस्तावित फीस योग्यता और अनुभव के समानुपातिक होगी।**

**अन्य लाभ** : उपर्युक्त उल्लेखित परिलब्धि के अतिरिक्त, एनएचएसआरसी के कनसल्टेंट निःशुल्क दुर्घटना बीमा, सब्सिडीयुक्त चिकित्सा बीमा, मोबाइल बिल की प्रतिपूर्ति, लैपटोप प्रतिपूर्ति (एनएचएसआरसी की नीति के अनुसार), भारत सरकार की नीति के अनुसार 30 दिन का समेकित अवकाश, पूर्णतः सवेतन मातृत्व अवकाश (महिला कनसल्टेंट के लिए), कार्य प्रदर्शन से जुड़ी वेतन वृद्धि, टीए/डीए और ड्यूटी के दौरान यात्रा के लिए प्रतिदिन के हकदार हैं।

**अनुबंध की अवधि** : आरंभ में 31 मार्च, 2025 तक के साथ समान अवधि के लिए विस्तार (संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के विषयाधीन)
इस साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवारों पर अपेक्षित समान कौशलों के अनुसार और समुचित स्तर पर एनएचएसआरसी में अन्य रिक्त पदों के लिए विचार किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें** : उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरने का आग्रह किया जाता है जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **20 जून 2023** है।